हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 21 जुलाई 2026

04 मांगों को लेकर पटवारियों का आंदोलन तेज, तीन अगस्त...



07 45 साल बाद कॉलेज पहुंचे छात्र, कोई भावुक हुआ...





## खबर संक्षेप

### जिला जेल में दिलाई गई नशामुक्ति की शपथ

**सीहोर।** सीहोर जिला जेल में नशा मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उन्हें नशा मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना था। जेल अधीक्षक प्रतिभा पटेल ने बताया कि कार्यक्रम में जिला जेल के 303 बंदियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन अपनाना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है।

### तीन थैली शराब की बोतलें जमा कर कचरा घर में फेंकी

**सीहोर।** 36 साल से विकास की राह देख रहा सुंदर वन अब कचरा, पॉलीथिन, शराब की बोतल, पन्नी, रैपर उगल रहा है। रविवार को सीवन पुत्र टीम फिर सुंदर वन पहुंची। टीम ने कहा बच्चों की मस्ती के लिए सुंदर वन लौटाना होगा। लोगों के सुकून के लिए इसे फिर से बसाना होगा। टीम ने सुंदर वन की आवाज बनने का संकल्प लिया। सीवन पुत्र टीम ने पूरे सुंदर वन से कम से कम तीन थैली शराब की बोतलें इकट्ठा कीं। बोतलें कचरा घर में फेंकी गईं। टीम ने सुंदर वन को मूल स्वरूप में लाने के लिए पौधरोपण से शुरुआत की। इस दौरान वाहन रैली भी निकाली गई। देशभक्ति के नगमे गूंजते रहे। सीवन पुत्र के प्रदीप चावड़ा ने कहा सभी सुंदर वन का फिर से विकास चाहते हैं। विजेंद्र जायसवाल ने कहा सुंदर वन हमारा गौरव था। कार्यक्रम में प्रकाश यादव, कैलाश चव्हाण, सुरेश भगत, अशोक नामदेव, बीएल बकोरिया, कनीराम मालवीय, योगेंद्र राय, वैभव राठौर, मुकेश राय मौजूद रहे।

### विद्यार्थी 31 जुलाई तक ले सकेंगे प्रवेश

**सीहोर।** उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए द्वितीय चरण की कॉलेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी प्रदेश के शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में 31 जुलाई तक प्रवेश ले सकेंगे। इस संबंध में आयुक्त उच्च शिक्षा प्रबल सिपाहा ने मंगलवार को आदेश भी जारी कर दिए हैं। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार द्वितीय चरण की सीएलसी की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 थी, जिसे बढ़ाकर अब 31 जुलाई 2026 कर दिया गया है।

# भाजपा युवा मोर्चा में टूटा दशकों पुराना सियासी रिवाज पहली बार आष्टा के खाते में गया जिलाध्यक्ष का पद

### बापचा के महेंद्र सिंह ठाकुर बने अध्यक्ष, सीहोर के हर्षित जिला महामंत्री नियुक्त

**सीहोर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला संगठन में इस बार बड़ा बदलाव देखने को मिला है। सालों से चला आ रहा परंपरागत राजनीतिक ट्रेंड तोड़ते हुए संगठन ने इस बार जिले की बागडोर आष्टा के खाते में डाल दी है। भाजयुमो के इतिहास में यह पहला मौका है जब आष्टा विधानसभा क्षेत्र के किसी युवा नेता को युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष बनाया गया है।

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर द्वारा जारी की गई नई कार्यकारिणी सूची में आष्टा क्षेत्र के महेंद्र सिंह ठाकुर बापचा को जिले का नया युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं सीहोर विधानसभा से हर्षित मेवाड़ा को जिला महामंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### बुधनी और सीहोर के इर्द-गिर्द घूमती थी कुर्सी

अब तक के भाजयुमो इतिहास पर नजर डालें तो जिलाध्यक्ष का पद मुख्य रूप से सीहोर और बुधनी विधानसभा क्षेत्र के बीच ही सिमट कर रह गया था। एक बार कमान बुधनी के पास होती थी तो अगली बार सीहोर के पास। पहले बुधनी से पूर्व अध्यक्ष रवि मालवीय और राजेश राजपूत रह चुके हैं, जबकि सीहोर से पूर्व अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर और निवर्तमान जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र पाटीदार रह चुके हैं। इस बार संगठन ने इस पुरानी रवायत को दरकिनार करते हुए आष्टा के युवा नेतृत्व पर भरोसा जताया है।





### मुख्य भाजपा में मिला मौका, पर भाजयुमो में पहली बार

अगर भाजपा के मुख्य संगठन की बात करें तो आष्टा से अब तक तीन नेता जिलाध्यक्ष रह चुके हैं, जिनमें अनोखीलाल खंडेलवाल, राकेश सुराणा और ललित नागौरी शामिल हैं। जबकि भाजयुमो के गठन के बाद से आज तक आष्टा का कोई भी कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष की कुर्सी तक नहीं पहुंच पाया था। महेंद्र सिंह ठाकुर की नियुक्ति के साथ ही आष्टा के कार्यकर्ताओं का बरसों पुराना इंतजार खत्म हुआ है।

### इछावर की झोली इस बार भी रही खाली

एक तरफ जहां आष्टा में नियुक्ति से जश्न का माहौल है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश सरकार के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के गृह क्षेत्र इछावर विधानसभा को इस बार भी निराशा ही हाथ लगी है। इछावर का यह राजनीतिक सूखा बरकरार है कि आज तक यहां का कोई भी कार्यकर्ता न तो भाजपा का जिलाध्यक्ष बन पाया है और न ही भाजयुमो के जिलाध्यक्ष पद का सेहरा इछावर के किसी कार्यकर्ता के सिर बंध सका है।

### कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर मनाया जश्न

महेंद्र ठाकुर को जिलाध्यक्ष और हर्षित मेवाड़ा को जिला महामंत्री बनाए जाने की घोषणा होते ही आष्टा और सीहोर के युवा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। खबर मिलते ही कार्यकर्ताओं ने सडकों पर उतरकर आतिशबाजी की, ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न मनाया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर नए पदाधिकारियों को बधाई दीं।

### मंडी थाना पुलिस ने दोनों शवों को जिला अस्पताल भेजा, पीएम के बाद परिजनों को सौंपे शव

# जमोनिया रोड पर दो बाइकों की भिड़ंत में दो युवकों की मौत, दो जिंदगी और मौत से जूझ रहे


प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसे में सेमदाखेड़ी निवासी 30 वर्षीय इमरान और जमुनिया टैंक निवासी 20 वर्षीय रीतेश ठाकुर, पिता लक्ष्मीनारायण ठाकुर की मौके पर ही मौत हो गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के जमुनिया रोड पर रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मंडी थाना क्षेत्र में हुई इस घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। हादसा दो तेज रफ्तार मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर के कारण हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

### दो युवकों ने मौके पर तोड़ा दम

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसे में सेमदाखेड़ी निवासी 30 वर्षीय इमरान और जमुनिया टैंक निवासी 20 वर्षीय रीतेश ठाकुर, पिता लक्ष्मीनारायण ठाकुर की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों



युवकों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

**दो अन्य युवक गंभीर, भोपाल रेफर :** दोनों मोटरसाइकिलों पर सवार एक-एक अन्य युवक भी इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची तथा घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें भोपाल रेफर कर दिया। खबर लिखे जाने तक घायलों की पहचान स्पष्ट नहीं हो सकी थी।

### हादसे के बाद सड़क पर मचा हड़कंप

हादसे के बाद जमुनिया रोड पर कुछ देर के लिए दहशत और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर के बाद दोनों बाइकें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं और उनके हिस्से सड़क पर दूर-दूर तक बिखर गए। आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और राहत कार्य में सहयोग किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात संभाले और दुर्घटनास्थल का निरीक्षण किया।

### पुलिस ने शुरू की जांच

मंडी थाना पुलिस ने दोनों शवों को जिला अस्पताल पहुंचाकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिलों को भी कब्जे में लेकर जांच की जा रही है। थाना प्रभारी सुनील मेहर ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। शुरुआती तौर पर तेज रफ्तार को दुर्घटना की वजह माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारण जांच पूरी होने के बाद ही सामने आएगा।

### रेलवे स्टेशन के पास ट्रक ने बुजुर्ग को कुचला

दूसरा हादसा सीहोर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 के पास स्थित रेक प्वाइंट के समीप हुआ। यहां नेहरू कॉलोनी निवासी 60 वर्षीय विजेंद्र शर्मा किसी काम से जा रहे थे, तभी एक अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रक विजेंद्र शर्मा के ऊपर चढ़ गया, जिससे उनके शरीर के एक तरफ का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। घायल बुजुर्ग को तत्काल गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया गया।



### सामल माता पहाड़ी रायपुरा में वृक्षारोपड़ महायज्ञ की तैयारियों का अंतिम चरण

**सीहोर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गुरुवार 23 जुलाई को जिला मुख्यालय के पास स्थित सामल माता मंदिर पहाड़ी पर होने वाले 1111 वृक्षा रोपड़ की तैयारियों जोरशोर से की जा रही है। कार्यकर्ताओं के द्वारा की जा रही तैयारी का निरिक्षण करने के लिए सोमवार को शांतिकुंज प्रतिनिधि जगदीश कुलमी और जोनल समन्वयक राजेश पटेल सहा जोनल समन्वयक रामचंद्र गायकबाड़, उपजोन समन्वयक आर पी हजारी ने निरीक्षण किया। कार्यक्रम संयोजक मनोहर दांगी ने बताया कि पौधा रोपण महायज्ञ में मुख्य अतिथि के रूप में देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार के कुलपति डॉ चिन्मय पंड्या मुख्य शामिल होंगे। निरीक्षण के दौरान तैयारयों की विन्दुबार प्रगति समीक्षा श्री कुलम द्वारा की गई। जिला समन्वयक प्रेमलाल कुशवाह ने पौधारोपण के लिए खोदे जाना वाले गड्डे और पौधों की 06-08 ऊंचाई रखने की बात कही और भविष्य में पौधों के रख रखाव के उपायों के बारे मे बताया। डॉ चिन्मय का कार्यक्रम मे सुबह 8 बजे आगमन होगा अतः गायत्री परिवार के दायित्ववान कार्यकर्ता एक दिन पूर्व से ही सामल माता पहाड़ी पहुँचकर श्रमदान और समयदान करे। कार्यक्रम को लेकर ग्राम रायपुरा और आसपास के गावों मे एक उत्सव जैसा वातावरन बना हुआ है। पौधरोपण के बाद सामल माता पहाड़ी सामल माता के सानिध्य मे माता भगवती देवी शर्मा शताब्दी उपवन की स्थापना होगी।

# जावर-रेहटी में एक इंच पानी गिरा, जिले में औसत 0.28 इंच दर्ज, कुल वर्षा पिछले साल से कम



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। 20 जुलाई को जिले के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। भू-अभिलेख कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार, रविवार को जिले में औसत 0.28 इंच बारिश दर्ज की गई। सबसे ज्यादा बारिश जावर और रेहटी क्षेत्र में हुई। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में जिले में बारिश का दौर जारी रहने और 22 जुलाई से भारी बारिश की संभावना जताई है।

### जावर और रेहटी में सबसे ज्यादा बारिश

20 जुलाई को जिले के जावर क्षेत्र में सबसे अधिक 0.98 इंच बारिश दर्ज की गई। वहीं रेहटी में 0.93 इंच वर्षा हुई। इसके अलावा इछावर में 0.20 इंच, आष्टा में 0.12 इंच और बुधनी में 0.04 इंच बारिश दर्ज की गई। सीहोर, श्यामपुर और भैरूंदा क्षेत्र में रविवार को बारिश का आंकड़ा शून्य रहा, हालांकि पूरे दिन आसमान में बादल छाए रहे।

### कलेक्टर ने जिला परिवहन कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

# नागरिकों को त्वरित, सरल और बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला परिवहन कार्यालय का औचक निरीक्षण कर कार्यालय की व्यवस्थाओं, ऑनलाइन सेवाओं एवं नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर, विभिन्न शाखाओं तथा अभिलेखों का अवलोकन किया और अधिकारियों को कार्यालय में स्वच्छ, व्यवस्थित एवं नागरिक हितैषी वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी, जवाबदेह एवं जनहितैषी कार्यप्रणाली अपनाते हुए नागरिकों को त्वरित, सरल एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान सारथी पोर्टल एवं वाहन पोर्टल पर संचालित ऑनलाइन प्रक्रियाओं का अवलोकन किया। उन्होंने ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीयन, परमिट, फिटनेस, कर भुगतान तथा अन्य ऑनलाइन सेवाओं के निष्पादन की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी



ऑनलाइन आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण किया जाए तथा नागरिकों को अनावश्यक प्रतीक्षा न करना पड़ें। उन्होंने कहा कि कार्यालय आने वाले प्रत्येक नागरिक के साथ शालीन व्यवहार किया जाए तथा उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर बालागुरू के. ने कार्यालय भवन के बेहतर संधारण, साफ-सफाई, अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा आवश्यक मरम्मत कार्य समय पर कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों के लिये पेयजल, बैठने की व्यवस्था, सूचना बोर्ड एवं हेल्प डेस्क जैसी नागरिक सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर भी जोर दिया। उन्होंने अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि परिवहन विभाग की सभी सेवाओं में पारदर्शिता बनाए रखें तथा शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा का कड़ाई से पालन करें। लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर उनका शीघ्र निराकरण किया जाए। कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए जिले में नियमित रूप से वाहन जांच अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बिना वैध दस्तावेजों के संचालित वाहनों, ओवरलोडिंग, बिना हेलमेट एवं बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने, नाबालिगों द्वारा वाहन संचालन तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पुलिस के साथ संयुक्त रूप से प्रभावी कार्रवाई करने को कहा। साथ ही स्कूल वाहनों, यात्री वाहनों एवं व्यावसायिक वाहनों की नियमित फिटनेस जांच सुनिश्चित करने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन में जन जागरूकता बढ़ाने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग का उद्देश्य केवल चालानी कार्रवाई करना नहीं, बल्कि सुरक्षित एवं अनुशासित यातायात व्यवस्था स्थापित करना भी है। इसके लिए आवश्यक कार्रवाई के साथ-साथ जागरूकता गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रितेश तिवारी सहित विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत गीता मानस भवन में जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार 15 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत 20 जुलाई को थाना कोतवाली द्वारा पुलिस अधीक्षक सीहोर सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत तथा नगर पुलिस अधीक्षक सीहोर डॉ. अभिनंदना शर्मा के मार्गदर्शन में गीता मानस भवन, सीहोर में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान थाना कोतवाली पुलिस द्वारा गीता मानस भवन में उपस्थित गणमान्य नागरिकों, वरिष्ठजनों एवं आमजन को नशे के सामाजिक, मानसिक, आर्थिक एवं शारीरिक दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। उपस्थित लोगों से संवाद स्थापित कर उन्हें अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी नशे से दूर रखने तथा युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सभी उपस्थित नागरिकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा नशीले पदार्थों के अवैध क्रय-विक्रय एवं सेवन की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर नशा मुक्ति केंद्र एवं चिकित्सकीय सहायता लेने हेतु भी प्रेरित किया गया। सीहोर पुलिस आमजन से अपील की है कि नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान में सहभागी बनें, स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी नशामुक्त बनाने में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करें। कार्यक्रम में गीता मानस भवन में उपस्थित गणमान्य नागरिक, वरिष्ठजन, आमजन एवं थाना कोतवाली पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।

## खबर संक्षेप

### बाइक चोरी का खुलासा नाबालिग हिरासत में

**भैरूंदा**। भैरूंदा पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले का खुलासा किया। करीब 50 हजार रुपए कीमत की बाइक बरामद की। एक बाल अपचारी को हिरासत में लिया। पुलिस के मुताबिक फरियादी भगवत हरियाले निवासी जोगला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 15 जुलाई की सुबह उन्होंने टीवीएस स्टार सिटी मोटरसाइकिल एमपी 04 एमपी 4860 डॉक्टर राय के मकान के सामने खड़ी की थी। अज्ञात व्यक्ति बाइक चोरी कर ले गया। काफी तलाश के बाद भी बाइक नहीं मिली। इसके बाद भैरूंदा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने अपराध दर्ज किया। जांच शुरू की। थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने विशेष टीम बनाई। टीम ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी। संदेही की पहचान की।

### एक किमी सड़क जर्जर पर मरम्मत नहीं

**सीहोर**। बिलकिसगंज में पाटनी रोड स्थित ईदगाह से गांव के बाहर भोजनगर रोड तक जाने वाली करीब एक किलोमीटर लंबी सड़क सालों से बदहाल है। यह रास्ता भोजनगर, उलझावन, इमलीखेड़ा, सागौनी, शिकारपुर, मुवाड़ा, टाकपुरा सहित कई गांवों को जोड़ता है। सड़क की लंबे समय से मरम्मत नहीं हुई। ग्रामीणों को रोज परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क का कई बार सर्वे हो चुका है। काम अब तक शुरू नहीं हुआ। ग्रामीणों के मुताबिक एक किलोमीटर सड़क बन जाए तो वाहन चालकों को राहत मिलेगी। राहगीरों का आना-जाना आसान होगा। किसानों को सुविधा होगी। विद्यार्थियों को भी फायदा मिलेगा। आसपास के गांवों का संपर्क बेहतर होगा। ग्राम पंचायत की सरपंच प्रिया राजेश जांगड़े ने बताया कि सड़क निर्माण का प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी को भेजा गया है। प्रस्ताव भेजे करीब तीन साल हो चुके हैं। अब तक स्वीकृति नहीं मिली है। स्वीकृति मिलते ही सड़क निर्माण कराया जाएगा।

### तीन दिन के अवकाश के बाद काली पट्टी बांधकर काम पर लौटे, चरणबद्ध आंदोलन जारी

# मांगों को लेकर पटवारियों का आंदोलन तेज, तीन अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

पटवारी संवर्ग में नाराजगी और असंतोष लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी के चलते प्रदेशभर में चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति अपनाई गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा




मध्यप्रदेश में अपनी लंबित मांगों को लेकर पटवारी संघ का आंदोलन अब तेज होता जा रहा है। तीन दिवसीय सामूहिक अवकाश के बाद पटवारी काली पट्टी बांधकर काम पर लौट आए हैं और शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराते हुए तहसीलदार सौरभ शर्मा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि समय रहते उनकी मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो 3 अगस्त से प्रदेशभर में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी जाएगी।

पटवारी संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि वे लंबे समय से अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई है। इससे पटवारी संवर्ग में नाराजगी और असंतोष लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी के चलते प्रदेशभर में चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति अपनाई गई है।

### काली पट्टी बांधकर कर रहे विरोध

हड़ताल के पहले चरण में 15 से 17 जुलाई तक पटवारी सामूहिक अवकाश पर रहे, जिससे राजस्व कार्य प्रभावित हुए। इसके बाद अब वे कार्यालयों में लौटकर काली पट्टी बांधकर कार्य कर रहे हैं। यह विरोध का प्रतीकात्मक और शांतिपूर्ण तरीका है, जिससे शासन तक उनकी मांगों की गंभीरता पहुंच सके। साथ ही विभिन्न स्तरों पर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर सरकार को अल्टीमेटम भी दिया जा रहा है।

**चरणबद्ध आंदोलन की पूरी रूपरेखा तैयार** : पटवारी संघ ने आंदोलन का विस्तृत कार्यक्रम पहले ही घोषित कर दिया है। इसके तहत 20 से 23 जुलाई तक काली पट्टी बांधकर कार्य किया जाएगा। इसके बाद 24 से 27 जुलाई तक सभी शासकीय व्हाट्सएप ग्रुप और अन्य संचार माध्यमों का बहिष्कार किया जाएगा। वहीं 28 जुलाई से 2 अगस्त तक वेबजीआईएस, सारा एप सहित सभी ऑनलाइन कार्य बंद रखे जाएंगे। यदि इसके बाद भी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो 3 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी जाएगी।



### ये हैं प्रमुख मांगें

पटवारी संघ की प्रमुख मांगों में कैडर रिव्यू लागू करना, नियमित पदोन्नति, समयमान वेतनमान प्रदान करना, नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा आयोजित करना और जॉब प्रोटेक्शन एक्ट में पटवारियों को शामिल करना शामिल है। इसके अलावा वर्षों से लंबित मानदेय भुगतान और नियम विरुद्ध किए गए तबादलों को निरस्त करने की भी मांग उठाई गई है।

संघ का आरोप है कि कई सरकारी योजनाओं में पटवारियों ने अपने निजी खर्च से काम किया, लेकिन आज तक भुगतान नहीं किया गया। इससे उन पर आर्थिक बोझ बढ़ा है। वहीं पदोन्नति और कैडर रिव्यू लंबित रहने से उनका करियर भी प्रभावित हो रहा है।

### पहले भी दिया गया था ज्ञापन

पटवारी संघ के अनुसार 8 जुलाई को भी जिलास्तर पर ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे नाराज होकर अब प्रदेशव्यापी आंदोलन का रास्ता अपनाया गया है। संघ ने कहा कि यदि शासन ने जल्द सकारात्मक पहल नहीं की, तो आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है।

### सरकार पर डाली जिम्मेदारी

पटवारी संघ ने स्पष्ट कहा है कि आंदोलन के कारण यदि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि आंदोलन के दौरान किसी भी पटवारी पर दमनात्मक कार्रवाई की गई, तो वे तुरंत अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

### जनता के काम पर दिखने लगा असर

पटवारियों के इस आंदोलन का असर अब आम जनता पर भी नजर आने लगा है। नामांतरण, सीमांकन, आय-जाति प्रमाण पत्र जैसे जरूरी राजस्व कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यदि आंदोलन आगे बढ़ता है, तो इन समस्याओं में और इजाफा होने की संभावना है।

## शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर भैरूंदा में छात्रों का प्रदर्शन, तख्तियां लेकर लगाए नारे

**भैरूंदा**। नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर देशभर में उठ रहे आक्रोश की गूंज अब भैरूंदा में भी सुनाई देने लगी है। सोमवार को बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और युवा सड़क पर उतर आए और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। हाथों में तख्तियां लेकर प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी की और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई।

दुर्गा मंदिर चौराहे पर आयोजित इस एक दिवसीय भूख हड़ताल में विद्यार्थियों के साथ सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे दिन चले इस धरना-प्रदर्शन में छात्रों का आक्रोश साफ नजर आया। उनका कहना था कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में हुई गड़बड़ी ने मेहनती छात्रों के भविष्य पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने ने आरोप लगाया कि बार-बार




परीक्षा में गड़बड़ी सामने आना सिस्टम की बड़ी कमजोरी को दर्शाता है। अगर समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो छात्रों का भरोसा पूरी तरह खत्म हो जाएगा। इस दौरान न्याय दो-न्याय दो और शिक्षा मंत्री इस्तीफा दो जैसे नारे गूंजते रहे।

**सोनम वांगचुक के समर्थन में भी दिखा जोश** : धरना स्थल पर छात्रों ने प्रसिद्ध शिक्षाविद के समर्थन में भी आवाज बुलंद की। उन्होंने ने कहा कि उनके द्वारा उठाए जा रहे शिक्षा सुधार के मुद्दे पूरी तरह सही हैं और सरकार को उन पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। शाम के समय सभी ने बाबा साहब की जिंदा सेना के बैनर तले एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नीट पेपर लीक मामले की उच्चस्तरीय जांच, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पारदर्शी परीक्षा प्रणाली लागू करने की मांग की गई। इस दौरान उन्होंने ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। छात्रों ने रखीं ये प्रमुख मांगें केंद्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफा, नीट सहित सभी परीक्षाओं की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई, पारदर्शी और भरोसेमंद परीक्षा प्रणाली शामिल हैं। धरना-प्रदर्शन में विवेक दोगने, जितेंद्र धवन, दीपक बरखाने, रेवेंद्र पेठारी, संतोष गौर, विमलेश आरबी, संजय पटेल, राजकुमार पटेल, कपिल पेठारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## मातृशक्ति के सम्मान से समाज होता है सशक्त : विधायक सबनानी



**भैरुंदा**। राष्ट्रीय स्वर्णकार विवाह मंच एवं युवक-युवती कल्याण संस्था द्वारा आयोजित मातृशक्ति सम्मेलन एवं सम्मान समारोह2026 का भव्य आयोजन भोपाल में उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, चिकित्सा, पत्रकारिता एवं प्रशासन सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और समाजसेवियों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोपाल दक्षिण-पश्चिम विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि जिस समाज में मातृशक्ति का सम्मान होता है, वही समाज संस्कार, संगठन और विकास के नए आयाम स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान भारतीय संस्कृति की मूल पहचान है और ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। सम्मेलन में भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष नीलम सोनी सक्सेना, नरसिंहपुर की जिला अध्यक्ष निशा सोनी, भोपाल पार्षद विनीता विकास सोनी, वरिष्ठ नेता सूर्यकांत गुप्ता, महामंडलेश्वर महंत अनिलानंद महाराज, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, समाज पंचायत कमेटी के अध्यक्ष विकास सोनी एवं एस.एन. सोनी (डिप्टी कलेक्टर, उज्जैन) सहित कई विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान समाज की मातृशक्तियों को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने महिलाओं की भूमिका को समाज निर्माण का आधार बताते हुए उनके सशक्तिकरण पर जोर दिया। बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं और युवा इस आयोजन में शामिल हुए।

संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश सोनी, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र जड़िया, महासचिव बालमुकुंद सोनी, प्रदेश अध्यक्ष विजय सोनी, उपाध्यक्ष दिलीप सोनी, महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा सोनी, प्रदेश अध्यक्ष रजनी सोनी एवं जिला अध्यक्ष अंशिका अमित सोनी ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने संस्था के सामाजिक कार्यों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी भी दी। कार्यक्रम का संचालन संयोजक धीरज सोनी ने प्रभावी ढंग से किया। अंत में उन्होंने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। आयोजन का समापन समाज में एकता और मातृशक्ति के सम्मान को और मजबूत बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

## हमले के पीड़ित ने एसपी से लगाई गुहार, फ्रैक्चर के बावजूद सामान्य धाराएं लगाने का आरोप

**सीहोर**। जिले के बड़नगर बमूलिया गांव में हुए एक प्राणघातक हमले के पीड़ित ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक (एसपी) से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित जुगल जाटव ने कोतवाली पुलिस पर पक्षपातपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाते हुए मामले में भारतीय न्याय संहिता की गंभीर धाराएं जोड़ने की मांग की है।



यह घटना 22 जून को हुई थी। जुगल जाटव पर राजमल जाटव और उसके साथियों ने कथित तौर पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला किया था। इस हमले में जुगल के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। पीड़ित पक्ष के अनुसार, डॉक्टरों ने जुगल के सिर पर कई टांके लगाए और मेडिकल रिपोर्ट में चेहरे की हड्डी में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई है। पीड़ित का आरोप है कि गंभीर चोटों और मेडिकल रिपोर्ट में फ्रैक्चर की पुष्टि के बावजूद, कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केवल सामान्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। हत्या के प्रयास जैसी गंभीर धाराएं नहीं लगाई गई हैं, इसके कारण आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। पीड़ित परिवार ने यह भी बताया कि आरोपी अब उन्हें लगातार जान से मारने और केस वापस लेने की धमकियां दे रहे हैं।

### पारदर्शी जांच कराने की मांग की

पीड़ित ने एसपी सीहोर से मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराने की मांग की है। उन्होंने आग्रह किया है कि मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण में गंभीर और गैर-जमानती धाराएं जोड़ी जाएं। इसके अतिरिक्त, पीड़ित परिवार को उचित सुरक्षा प्रदान करने की भी अपील की गई। इस मामले में पुलिस ने नियमानुसार कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। अब सीहोर पुलिस प्रशासन और एसपी के अगले कदम पर पीड़ित परिवार और स्थानीय लोगों की निगाहें टिकी हुई हैं।

## समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए किसान पंजीयन में एग्रीस्टेक आईडी अनिवार्य

**सीहोर**। समर्थन मूल्य पर धान एवं मोटे अनाज के उपार्जन के लिए किसान पंजीयन अब एग्रीस्टेक पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए किसानों की भूमि, फसल एवं रकबे की जानकारी भारत सरकार के एग्रीस्टेक पोर्टल से प्राप्त की जाएगी, इसलिए प्रत्येक किसान के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन कर एग्रीस्टेक आईडी बनवाना आवश्यक है। एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी), संबंधित पटवारी अथवा किसान स्वयं Farmer Registry MP मोबाइल एप के माध्यम से कर सकते हैं। जिन किसानों की एग्रीस्टेक आईडी अभी तक नहीं बनी है, उन्हें ई-उपार्जन पोर्टल के माध्यम से एसएमएस भेजकर भी सूचित किया जा रहा है। ऐसे किसानों की सूची ई-उपार्जन पोर्टल पर उपलब्ध करा दी गई है। कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देश दिए हैं कि जिले के शेष किसानों की एग्रीस्टेक आईडी शीघ्र बनवाना सुनिश्चित करें, ताकि आगामी खरीफ विपणन मौसम 2026-27 में समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की प्रक्रिया निर्धारित व्यवस्था के अनुसार सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

## सेना की वर्दी में लौटे लकी वर्मा का नागरिक अभिनंदन



**बुधनी**। भारतीय सेना में अग्निवीर चयनित होकर छह माह का सैन्य प्रशिक्षण पूरा करने के बाद पहली बार सेना की वर्दी में गृह नगर लौटे जवान लकी वर्मा का नगर में भव्य स्वागत किया गया। नगरवासियों ने फूल-मालाओं, पुष्पवर्षा और बैंड-बाजों के साथ उनका नागरिक अभिनंदन कर देश सेवा के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया।

महाराणा प्रताप चौंक पर सैकड़ों लोगों ने लकी वर्मा का स्वागत किया। इसके बाद खुली जीप में बैंड-बाजों और डीजे के साथ स्वागत यात्रा निकाली गई,जो माध्यमिक शाला, बुधनी घाट होते हुए उनके निवास तक पहुंची पूरे मार्ग में महिलाओं ने आरती उतारी,बच्चों ने मिठाई खिलाई और विभिन्न स्थानों पर शॉल-श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया। स्वागत यात्रा के दौरान लकी वर्मा ने नर्मदा घाट पहुंचकर मां नर्मदा की पूजा-अर्चना की और देश सेवा के अपने संकल्प को दोहराया घर पहुंचने पर मां पदमा वर्मा और दादी विमला वर्मा अपने बेटे को सेना की वर्दी में देखकर भावुक हो गईं। इस अवसर पर पूर्व पार्षद कंचन शर्मा, प्रभुदयाल खत्री, पंडित राकेश पाराशर, जगदीश मांझी, राजेंद्र वर्मा, गोपाल शर्मा, प्रमोद भदौरिया, राजकुमार यादव, संदीप शर्मा, डॉ.अभिषेक महेश्वरी, सोहनलाल वर्मा,राजू वर्मा, रोहित सराठे, बबीता अग्रवाल,डालचंद सराठे, मिलन विश्वकर्मा, अमित भदौरिया,राजेंद्र यादव, सानिध्य शर्मा, करण मेहरा सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### कृषि उपज मंडी में महाआरती ओर महाप्रसादी साथ किया जाएगा समापन

# भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा में उमड़ेगा आस्था का सैलाब, आज दोपहर 2 बजे निकलेगी भव्य यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नगर में आज भगवान श्री जगन्नाथ जी की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने वीडियो संदेश जारी कर नगरवासियों एवं क्षेत्र के धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि यह केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि पूरे नगर की आस्था और एकता का प्रतीक है।

जानकारी के अनुसार, रथयात्रा मंगलवार दोपहर 2 बजे सर्वमंगलम गार्डन से प्रारंभ होगी, जो कि नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई नगर की कृषि ऊपज मंडी में महाआरती ओर महाप्रसादी साथ समापन किया जाएगा। यात्रा से पूर्व भगवान श्री जगन्नाथ जी का विधिवत पूजन-अर्चन किया जाएगा। इसके बाद श्रद्धालु स्वयं रस्सी खींचकर रथ को नगर भ्रमण पर निकालेंगे। आयोजकों के अनुसार, रथयात्रा के मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर स्वागत मंच और जलपान की व्यवस्था भी की गई है। नपा अध्यक्ष मारुति शिशिर ने अपने संदेश में कहा कि शास्त्रों में उल्लेख है कि जब भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा निकलती है, तब देवता भी देवलोक से आकर इसमें सहभागी बनते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने परिवार सहित यात्रा में शामिल होकर अपने हाथों से रथ खींचें और पुण्य लाभ प्राप्त करें। उन्होंने पिछले वर्ष की यात्रा को याद करते हुए कहा कि पिछले वर्ष भी भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा पूरा नगर भक्तिमय माहौल में डूब गया था और इस वर्ष भी रथयात्रा को विशाल भव्य स्वरूप देखने को मिलेगा। भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष रथयात्रा को अधिक भव्य बनाने के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। नगर के विभिन्न मंदिरों से महाप्रसादी एकत्रित की गई है। प्रत्येक मंदिर में इसके लिए पात्र रखे गए थे, जहां श्रद्धालुओं ने अपनी श्रद्धा अनुसार प्रसाद अर्पित किया। यात्रा के समापन पर इस प्रसादी से भगवान को भोग लगाया जाएगा और बाद में श्रद्धालुओं में वितरण किया जाएगा।



### सुरक्षा व्यवस्था पर रहेगा कड़ा पहरा

रथयात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहेगा। प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल तैनात किया जाएगा तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील करते हुए निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया है। रथयात्रा को लेकर नगर में धार्मिक उत्साह अपने चरम पर है। जगह-जगह सजावट की गई है और श्रद्धालु बेसब्री से इस पावन क्षण का इंतजार कर रहे हैं। आयोजकों को उम्मीद है कि इस बार भी बड़ी संख्या में भक्त शामिल होकर रथयात्रा को भव्य और ऐतिहासिक स्वरूप देंगे।

राजगढ़ महाविद्यालय में साल 1981 में पढ़े पूर्व विद्यार्थियों का स्नेह सम्मेलन आयोजित

# 45 साल बाद कॉलेज पहुंचे छात्र, कोई भावुक हुआ तो किसी ने गुदगुदाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



राजगढ़ के विभिन्न स्कूलों एवं लीड महाविद्यालय में साल 1981-82 में कामर्स संकाय से पढ़े विद्यार्थियों का स्नेह सम्मेलन रविवार को आयोजित हुआ। कॉलेज में ही आयोजित इस स्नेह सम्मेलन में पहुंचे इन पूर्व छात्रों में कई उच्चाधिकारी, दिग्गज व्यापारी, सेवानिवृत्त कर्मचारी शामिल थे। अनेक वर्षों बाद जब सब एक छत के नीचे पहुंचे तो कई भावुक हो उठे वहीं अतीत के संस्मरणों से कईंयों ने काफी समय तक गुदगुदाया।

पूर्व छात्रों के साथ-साथ उस समय के गुरुजियों, व्याख्याताओं को भी कार्यक्रम में विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया था। इन हस्तियों में मध्यप्रदेश पुलिस के पूर्व आईजी सतीश सक्सेना, पूर्व प्रोफेसर एन.के. पगारे, प्रदीप राणावत पूर्व एसडीओअपी, श्रीमती विनीता जैन पूर्व प्रोफेसर, सरोज गोस्वामी पूर्व प्रोफसर, देश के ख्यात हरफनमोला कलाकार बाबा सत्यनारायण मौर्य सहित दिग्गज व्यापारी, कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ उस समय के भृत्य, माली तक मौजूद थे।



### सर्वप्रथम सभी ने किए मां जालपा के दर्शन

अनेक वर्षों उपरान्त राजगढ़ की धरा पर पहुंची इन पूर्व छात्रों ने सर्वप्रथम क्षेत्र के सबसे प्रसिद्ध देवीय शक्तिपीठ मां जालपा धाम पहुंचकर माता को शीष नवाया। करीब 45 वर्षों पूर्व जब ये छात्र जालपा धाम आए थे उस समय मंदिर का स्वरूप काफी अलग था। धाम के बजाय मैया जालपा पीपल के वृक्ष के नीचे एक चबूतरे पर विराजमान थी।

### उसी कक्ष में पहुंचे 45 साल पहले की थी पढ़ाई

महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सभी पूर्व छात्र उसी कक्ष में पहुंचे जहां सालों पहले वे अपने गुरुओं से पढ़ा करते थे। सभी ने टेबल, बेंज पर बैठकर गुरुओं के संस्मरण सुने। पूर्व व्याख्यात, गुरु भी उस समय के पलों, अतीत की यादों को सुनाकर भावुक हो उठे। कुछ संस्मरणों में भावुकता के साथ हास्य का पुट भी देखने मिला।

### गुरुओं को मंचासीन कर कुर्सियों पर बैठे पूर्व छात्र

महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम उपरान्त सभी पूर्व छात्र कार्यक्रम स्थल राजबाग गार्डन पहुंचे। यहां तत्कालीन समय के कॉलेज चुनावों, बगैर संसाधनों के गरीबी में की गई पढ़ाई सहित अन्य यादों को सभी ने एक-दूसरे से सांझा किया। कार्यक्रम में मौजूद अंतराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कलाकार बाबा सत्यनारायण मौर्य द्वारा देश के लिए दिए गए योगदानों की सभी ने भूरी-भूरी प्रशंसा करने के साथ उनके साथ बचपन में बिताए गए पल सांझा किए।

# निजी स्कूलों में शासकीय पुस्तकों की जगह लग रहीं निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें

## शासन के नियमों की अनदेखी, अभिभावकों पर बढ़ रहा बोझ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर और आसपास के क्षेत्रों के अशासकीय विद्यालयों में शासन द्वारा निर्धारित शासकीय पुस्तकों के स्थान पर निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकें संचालित किए जाने के आरोप सामने आ रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 1 से 5 तक कम से कम 4 शासकीय पुस्तकें और कक्षा 6 से 10 तक 6 शासकीय पुस्तकें संचालित करना अनिवार्य है। इसके साथ ही विद्यालयों को अपने यहां संचालित पुस्तकों की सूची निर्धारित पोर्टल पर अपलोड करना भी आवश्यक है। लेकिन सूत्रों के अनुसार, कई




अशासकीय विद्यालयों ने अब तक पोर्टल पर पुस्तकों की सूची साझा नहीं की है। वहीं अभिभावकों का आरोप है कि उन्हें विशेष दुकानों से निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकें खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। अभिभावकों का कहना है कि बाजार में उपलब्ध शासन द्वारा अनुशंसित पुस्तकों के बजाय निजी प्रकाशकों की पुस्तकें लगाई जा रही हैं, जिनकी कीमत सामान्य पुस्तकों की तुलना में काफी अधिक है।

**इनका कहना है**

शासन की गाइड लाइन का पालन करना अनिवार्य है, अशासकीय विद्यालयों को नोटिस देकर सुचित करते हैं।
**-रामबाबू पाटीदार,** बीईओ जीरापुर।

# महर्षि पब्लिक स्कूल में नशे से दूर रहने की सीख दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



महर्षि पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में पुलिस विभाग के द्वारा नशा मुक्ति 2.0 का आयोजन किया गया। इस समारोह में अतिथि थाना प्रभारी होकमसिंह मीना, उपनिरीक्षक संतोष सिंह, संस्था अध्यक्ष दिनेश जमींदार, प्राचार्य दिनेश गुर्जर, संचालक शिवचरण दांगी की उपस्थित में बच्चों को परिवार दोस्त या अन्य लोग जो नशे करने वाले हैं।

उनको सही दिशा देने और समझाइश देकर नशे जैसे कुमार्ग से हटाने, नशा से मुक्त करने के लिए संदेश दिए गए। बच्चे को कहां कि अगर कोई नहीं मानते हैं तो टोल फ्री नंबर पर फोन लगाकर पुलिस को अवगत करा सकते हैं। पुलिस उनको समझाइश देगी और बच्चे को भी नशा नहीं करना चाहिए। इससे कई परिवार बर्बाद हो गए और कई बच्चों के परिवार में नशा करने की वजह से पढ़ाई खराब हो जाती है जिससे उनके जीवन में दुष्प्रभाव होता है और एक अच्छा पढ़ने वाला विद्यार्थी भी गलत संगत में लग जाता है। इस अवसर पर उपस्थित छात्र छात्राओं को जीवन में कभी भी नशा नहीं करने और ना ही नशा करने वाले का सहयोग करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक शिक्षिकाएं दिलीप राठौर, राधेश्याम तोमर, अजय पंचोली, कृपाल सिंह, राजेश कुमार शर्मा, प्रीतम कुमार शर्मा, कमलसिंह गुर्जर, सोलंकी, अंकुश भावसार, खेल शिक्षक ध्रुव भाटी, उमाशंकर, विशाल, शिक्षिका कुमारी तय्यबा कुरैशी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पवन दांगी ने एवं आभार संस्था अध्यक्ष दिनेश जमींदार ने माना।

# नपा सीएमओ ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण, लापरवाही पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



नगर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रविवार को मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) दीपक कुमार रानवे ने दोपहर के समय सफाई कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने विभिन्न वार्डों एवं मुख्य मार्गों पर चल रहे सफाई कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान सफाई व्यवस्था में पाई गई कमियों पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित स्वच्छता निरीक्षकों एवं सफाई कर्मियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। सीएमओ श्री रानवे ने स्पष्ट कहा कि सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि सड़कों के किनारे अथवा सार्वजनिक स्थानों पर कचरा जमा न होने दिया जाए तथा एकत्रित कचरे को तत्काल कचरा वाहनों के माध्यम से ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया जाए। उन्होंने नगरवासियों से भी स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि कचरा हमेशा डस्टबिन अथवा नगर पालिका की कचरा गाड़ी में ही डालें, ताकि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। सीएमओ ने चेतावनी दी कि सफाई कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# कुमेंरसिंह पंवार सचिव संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष बने



**राजगढ़।** पंचायत सचिव संगठन की जनपद स्तरीय बैठक रविवार को खोयरी महादेव मंदिर में आयोजित की गई। संघटन जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, नरसिंहगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम शिवहरे सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित बैठक में संगठन के आगामी क्रियाकलापों, रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। विचार किया गया कि संगठन की मांगों और सचिवों के हितों के लिए कुछ किया जा सकता है। इसके साथ ही बैठक में सर्वसम्मति से कमेंर सिंह पंवार को राजगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# बस में महिला का बैग चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार किया, 62 हजार का सामान बरामद

## सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरी की वारदात का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

पुलिस द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के अभियान के तहत थाना सारंगपुर पुलिस ने ऑपरेशन चक्षु के अंतर्गत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की मदद से बस से बैग चोरी की वारदात का सफल खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया मशरुका बरामद कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के निर्देशन तथा एसडीओपी अरविंद सिंह के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, 8 जुलाई 2026 को फरियादिया पूजा गोस्वामी (28), निवासी ककरकड़िया, थाना नलखेड़ा, जिला आगर मालवा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि सारंगपुर बस स्टैंड से बस में यात्रा के




दौरान अज्ञात व्यक्ति उनका बैग चोरी कर ले गया। बैग में करीब 562 ग्राम चांदी की पायल व कमरबंद, एक मोबाइल फोन, दो साड़ियां एवं अन्य कपड़े रखे थे। शिकायत पर थाना सारंगपुर में अपराध क्रमांक 529/26, धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान बस स्टैंड एवं आसपास के मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी रमेश पिता कन्हैयालाल धाकड़ (40), निवासी लसूडिया धाकड़, थाना खुजनेर, जिला राजगढ़ को गिरफ्तार किया।

आरोपी के कब्जे से चोरी गई चांदी की पायल, कमरबंद, मोबाइल, बैग, साड़ियां व अन्य सामान सहित लगभग 62 हजार मूल्य का मशरुका बरामद कर लिया गया। इस कार्रवाई में सउनि आनंदीलाल भिलाला, सउनि सुरेश मेवाड़े, आरक्षक बनवारी गुर्जर, सत्येन्द्र रघुवंशी तथा चालक आरक्षक लोकेश परमार की भूमिका रही।

अलंकरण समारोह आयोजित किया

# छात्र परिषद के विभिन्न पदों पर साक्षात्कार से मनोनयन किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के एडवांस्ड किड्स एकेडमी में अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी हुकुम सिंह मीणा रहे। इस दौरान कार्यक्रम में विद्यालय छात्र परिषद के विभिन्न पदों पर छात्रों का साक्षात्कार के आधार पर मनोनयन किया गया। इसके अंतर्गत हेड बॉय बृजमोहन दांगी, हेड गर्ल अल्फिया मंसूरी, डिप्टी हेड बॉय दुष्यंत सिंह खींची, डिप्टी हेड गर्ल अनुष्का जैन, खेल कप्तान दीपक चैहान, खेल सहकप्तान कोमल सोनगिरा, अनुशासन सचिव श्रीनाथ पाटीदार, यशिका शर्मा, अर्जुन सिंह दांगी, अंशिका गुप्ता, सांस्कृतिक सचिव माहि जायसवाल, आरव मालवीय को मनोनीत किया गया। इसी के साथ विद्यालय के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु चार अलग-अलग दल बनायें गये। इन दलों के माध्यम से विद्यार्थियों के बीच वर्षभर विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न होगी। जल दल कप्तान नमन व्यास, सह कप्तान साक्षी गुप्ता, पृथ्वी दल कप्तान काशी शर्मा, सह कप्तान जयंत दांगी, वायु दल कप्तान मनीष वर्मा, सहकप्तान लक्ष्मी विश्वकर्मा, अग्नि दल कप्तान अंजलि दांगी, सहकप्तान सोनू बैरागी को मनोनीत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के निदेशक गिरिराज गुप्ता द्वारा की गई। वहीं अपने संबोधन में विद्यालय के प्रधानाचार्य ई के जोशी ने बताया कि छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय परिवार सदैव प्रयत्नरत रहता है, हमारा प्रयास रहता है कि हमारे विद्यालय के सभी विद्यार्थी चहुँमुखी विकास करें। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि उपनिरीक्षक संतोषसिंह रहे। कार्यक्रम का संचालन बरखा गुप्ता व दीपिका बिश्रा ने किया व अध्यापक हेमन्त त्रिवेदी ने आभार प्रकट किया। सभी विद्यार्थियों को शारीरिक शिक्षक विशाल यादव ने प्रशिक्षण दिया।

# पुलिस ने चोरी के सामान सहित चोरों को गिरफ्तार किया

**जीरापुर।** विगत माह की चार पांच जून 2026 की मध्य रात्रि में समीपवर्ती ग्राम नाईहेड़ा स्थित हनुमान मंदिर से अज्ञात चोरों द्वारा मंदिर की चांदी की छत्र, पीतल की गदा, तांबे का गंगासागर पात्र, पीतल के गरुड़ भगवान, पीतल का आरती पात्र, पीतल की झालर, पीतल का घंटा चुरा कर ले गए थे। जिसकी फरियादी पप्पू पिता बद्रीलाल शर्मा नाईहेड़ा ने पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराई थी, पुलिस द्वारा अपराध 194/2026 धारा 305 (डी) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया था। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन में पुलिस अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे, एसडीओपी खिलचीपुर डीव्हीएस नागर मार्गदर्शन में सामान को बरामद करने में सफलता हासिल कर आरोपी हेमराज बैरागी पिता रतनदास बैरागी 55 साल निवासी मोड़ी थाना सुसनेर तथा श्रवण पिता दामोदरदास पारीक 51 साल निवासी सदर बाजार खिलचीपुर को मय सामान के गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। थाना प्रभारी हुकुम सिंह मीणा, उप निरीक्षक फोरतेनुस कुजूर, उप निरीक्षक अरुण जाट, एएसआई रामखिलावन व्यास, प्रधान आरक्षक अनिल नायक की सक्रियता पकड़ा गया।

# ऊँकार सेवा मंडल की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

ऊँकार सेवा मंडल परिवार द्वारा 12वे वर्ष के लंगर एवं अन्य विषयों को लेकर बाबा गौप चैहान हनुमान मंदिर पर वार्षिक बैठक रखी गई। जिसमें मंडल द्वारा लंगर आयोजन सहित अन्य होने वाले कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर आए सुझावों और वरिष्ठों के मार्गदर्शन में गोष्ठी का आयोजन कर रूपरेखा तैयार की। इस वर्ष होने वाले 12 वे वर्ष की कार्यक्रम की रूप रेखा सहित बीते वर्ष किए गए लंगर एवं अन्य कार्यक्रम के खर्च आय व्यय को ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। पिछले ग्यारवें वर्ष ऊँकार सेवा मंडल ने लंगर के अलावा प्राकृतिक एवं पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए पौधारोपण धार्मिक अनुष्ठान में प्रसाद वितरण स्वागत सम्मान के कार्यक्रम भी करवाए गए थे। 12 वे वर्ष होने वाले विशाल लँगर कार्यक्रम के लिए मंडल के सदस्यों मैं आम सहमति बनी हर वर्ष मंडल लंगर आयोजन के अलावा आने वाले दूरदराज भक्तों के लिए सुंदर झांकी का निर्माण किया जाता रहा है। इसी क्रम को बढ़ाते हुए इस वर्ष एक आकर्षक झांकी बनाई जाएगी। सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को गणमान्य नागरिकों एवं मंडल के सदस्ययों ने सहमति प्रदान की। राष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त मूर्तिकार एवं चित्रकार स्थानीय कलाकार ओ पी चैहान द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मूर्ति को तैयार किया जाएगा। ऊँकार सेवा मंडल द्वारा कार्यक्रम के पश्चात बनाई गई मूर्ति पिछले वर्ष की तरह नरसिंहगढ़ मैं किसी मंदिर या धार्मिक स्थान सुरक्षित रखी जाएगी सेवा मंडल के वरिष्ठ मार्गदर्शक एवं गणमान्य नागरिक एवं मंडल के सदस्य द्वारा नरसिंहगढ़ को महादेव दर्शन को पधारे सभी धर्म प्रेमी नागरिक बंधुओ से अपील करेगा।

# फसल विविधीकरण किसानों के लिए बना लाभ का सौदा, अशोक ने पेश की मिसाल

**सारंगपुर।** बदलते मौसम और कृषि में बढ़ते जोखिम के बीच फसल विविधीकरण किसानों के लिए आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बनकर उभर रहा है। इसका सफल उदाहरण विकासखंड सारंगपुर के ग्राम कालूखेड़ा के प्रगतिशील किसान अशोक पाटीदार



ने प्रस्तुत किया है। उन्होंने पारंपरिक सोयाबीन की एकल खेती छोड़कर विभिन्न फसलों का उत्पादन शुरू किया, जिससे उनकी आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। अशोक पाटीदार ने कृषि विभाग के मार्गदर्शन में अपनी 2 हेक्टेयर भूमि पर 1 हेक्टेयर में पूसा अरहर-16, 0.50 हेक्टेयर में स्वीट कॉर्न, 0.25 हेक्टेयर में मूंगफली तथा 0.25 हेक्टेयर में सोयाबीन की खेती की है। उन्होंने बताया कि स्वीट कॉर्न की फसल 70 से 80 दिनों में तैयार हो जाती है और भुट्टों की तुड़ाई के बाद अवशेष का उपयोग साइलेज एवं पशु आहार के रूप में किया जाता है, जिससे अतिरिक्त आय प्राप्त होती है।

# मुनि श्री 108 प्रवरसागर महाराज के चातुर्मास की मंगल अगवानी, श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब, धर्मसभा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के इतिहास में पहली बार मुनि श्री 108 प्रवरसागर महाराज के चातुर्मास के शुभ अवसर पर रविवार को सकल दिगम्बर जैन समाज एवं चातुर्मास सेवा समिति के तत्वावधान में भव्य मंगल अगवानी निकाली गई। श्री महावीर दिगम्बर जैन कीर्ति स्तंभ से प्रारंभ हुआ चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचा, जहां धर्मसभा आयोजित की गई। मार्गभर श्रद्धालुओं, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों एवं व्यापारियों ने पुष्पवर्षा कर गुरुदेव का भावभीना स्वागत किया।उक्त जानकारी देते हुए समाज अध्यक्ष मनोज जैन ने कहा कि सारंगपुर में पहली बार चातुर्मास का आयोजन पूरे नगर के लिए गौरव और सौभाग्य का विषय है। इस अवसर पर अपने मंगल प्रवचन में मुनि श्री 108 प्रवरसागर जी महाराज ने कहा कि सारंगपुर में चातुर्मास होना समाज के पुण्य का



प्रतिफल है। उन्होंने श्रद्धालुओं से चातुर्मास के दौरान पूजा, स्वाध्याय, तप, संयम एवं धर्म आराधना के माध्यम से आत्मकल्याण का आह्वान किया। विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल,हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला,नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि भावना निलेश वर्मा, ललित पालीवाल, महेश पुष्पद सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। संचालन मयंक जैन ने किया तथा अंत में समिति अध्यक्ष अनिल जैन ने आभार माना।

युवा खिलाड़ियों को प्रतिभा को निखारने नया मंच प्रदान करेगा: नागर

# 695 लाख की लागत से बनेगा इनडोर-आउटडोर स्टेडियम, सांसद, विधायक ने भूमिपूजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

मध्यप्रदेश शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अंतर्गत 695 लाख की लागत से बनने वाले इंडोर-आउटडोर स्टेडियम निर्माण कार्य का भूमि पूजन सांसद रोडमल नागर एवं विधायक हजारीलाल दांगी की उपस्थिति मे संपन्न हुआ। इस अवसर पर युवाओं से संवाद करते हुए सांसद रोडमल नागर ने कहा कि यह आधुनिक स्टेडियम हमारे क्षेत्र के प्रतिभावान युवा खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा को निखारने को लिए नया मंच प्रदान करेगा। क्षेत्रवासियों और युवा साथियों को इस बड़ी सौगात की बधाई दी कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि यह आधुनिक खेल परिसर क्षेत्र के युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएँ उपलब्ध कराते हुए उनकी प्रतिभाओं को नई



उड़ान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। नगर परिषद अध्यक्ष रामजानकी मालाकार, जिला सह कोषाध्यक्ष देवेन्द्र गौड़, वरिष्ठ नेता बालचंद दांगी, मण्डल महामंत्री भारतसिंह तोमर, मंडल उपाध्यक्ष बबलू सोनी, हिमांशु गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि आईटी सेल जिला संयोजक अजय साहू, रायसिंह दांगी, बलवंतसिंह सिसोदिया, गिरीश गुप्ता, जितेंद्र सेन, भाजपा कार्यकर्ता विधार्थी, गणमान्य नागरिक तथा अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### संयुक्त संचालक ने किया वन स्टॉप सेंटर और आंगनबाड़ी का निरीक्षण

**सीहोर।** महिला एवं बाल विकास भोपाल संभाग के संयुक्त संचालक हरिकृष्ण शर्मा ने सीहोर स्थित वन स्टॉप सेंटर और बिलकिसगंज स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। वन स्टॉप सेंटर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने यहां महिलाओं के लिए उपलब्ध सभी सुविधाओं की जानकारी ली और हिंसा से पीड़ित महिलाओं को कानूनी सहायता, काउंसलिंग सहित समस्त सेवाएं नियमानुसार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर पोषण कार्यक्रमों, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मिशन वात्सल्य, आंगनवाड़ी भवन निर्माण, सक्षम आंगनवाड़ी सहित विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा की।

### पेंशनस एसोसिएशन की बैठक आयोजित

**सीहोर।** भारतीय स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन की इकाई सीहोर की बैठक का आयोजन शहर के इंग्लिशपुरा मार्ग स्थित एक निजी होटल में किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में पेंशनर्स साथी मौजूद थे। इस मौके पर दो साल के लिए नई कार्यकारिणी गठित की गई, वहीं वार्षिक आम सभा सितंबर माह में आयोजित की जाएगी। बैठक के दौरान पेंशनरों को साइबर से होने वाले क्राइम की जानकारी दी गई। खातेदार से किसी प्रकार की ओटीपी नहीं मांगता है।

### इस्कॉन सेवा संस्था द्वारा धूमधाम से निकाली महाप्रभु जगन्नाथ जी की रथयात्रा

# यात्रा के दौरान भक्तिमय संकीर्तन और जयघोष से वातावरण रहा गुंजायमान

रथयात्रा का भव्य शुभारंभ स्थानीय गायत्री मंदिर परिसर से हुआ। श्रद्धालुओं ने रथ में विराजित महाप्रभु जगन्नाथ जी, भगवान बलभद्र एवं महारानी सुभद्रा जी के पावन श्रीविग्रहों का विधिवत पूजन-अर्चन कर आरती उतारी।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर में धार्मिक आस्था और उत्साह का अनूठा माहौल उस समय देखने को मिला जब इस्कॉन सेवा संस्था की आष्टा इकाई द्वारा महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी की भव्य एवं विशाल रथयात्रा का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और धूमधाम के साथ किया गया।

#### रथयात्रा का शुभारंभ एवं पूजन-अर्चना

रथयात्रा का भव्य शुभारंभ स्थानीय गायत्री मंदिर परिसर से हुआ। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा एवं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने रथ में विराजित महाप्रभु जगन्नाथ जी, भगवान बलभद्र एवं महारानी सुभद्रा जी के पावन श्रीविग्रहों का विधिवत पूजन-अर्चन कर आरती उतारी। तत्पश्चात अतिथियों ने महाप्रभु के रथ को खींचकर यात्रा का शुभारंभ किया।

#### समिति सदस्यों का सम्मान

आयोजन समिति द्वारा नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, नगर महामंत्री तारा कटारिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रूपेश राठौर, पार्षद रवि शर्मा, हिउस अध्यक्ष नारायण भूरू मुकाती सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का मोती की माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही कार्यक्रम में उत्कृष्ट योगदान हेतु यात्रा समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश पाटीदार, महामंत्री हरिओम कटारिया, सचिव नवीन पंचांग, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनी, उपाध्यक्ष चंद्रेश माथुर, अनिल भाटी, संदीप सोनी एवं समिति के अन्य सदस्यों का साफा बांधकर स्वागत सम्मान किया।

#### नगर भ्रमण एवं मुख्य मार्गों पर स्वागत

गायत्री मंदिर से प्रारंभ होकर यह दिव्य रथयात्रा नगर के मुख्य मार्ग कन्नौद रोड से होकर गुजरी। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा "हरे कृष्णा, हरे कृष्णा, कृष्णा कृष्णा, हरे हरे... हरे राम, हरे राम, राम राम, हरे हरे" के भक्तिमय संकीर्तन और जयघोष से वातावरण गुंजायमान रहा। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर महाप्रभु का स्वागत किया और आरती उतारकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

#### गीतांजलि गार्डन पर समापन

भक्ति, संगीत और कीर्तन के बीच रथयात्रा कॉलोनी चौराहा स्थित गीतांजलि गार्डन पहुंची, जहां महाआरती के साथ यात्रा का विधिवत समापन हुआ। समापन स्थल पर श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नगर के धर्मप्रेमी बंधु शामिल हुए।

# भगवान जगन्नाथ जी अपनी मौसी के घर आनंद धाम पधारेः प. शर्मा

**भागवत कथा प्रारम्भ**



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




भगवान जगन्नाथ जी अपनी मौसी के घर आनंद धाम बुधवारा स्तिथ निवास पर पधारने के उपलक्ष्य में आज से 7 दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन प्रारम्भ हुआ है। भागवत के तीसरा दिवस में भागवत कथा में पंडित कन्हैयालाल शर्मा ने विदुर मत्रीय संवाद, सृष्टि रचना 24 अवतार,, सती चरित्र,, ध्रुव चरित्र विस्तार से सभी भक्तों को कथा का श्रवण कराया जा रहा है। आनन्द धाम बुधवारा पर दिनांक 17 जुलाई से 23 जुलाई 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक कथा का आयोजन होगा । पंडित भवानी शंकर शर्मा ने सभी से आनंद धाम बुधवारा पहुच कर कथा का लाभ लेने की अपील की है । भागवत कथा में आज भवानी शंकर शर्मा , मिट्ठू पुर सरकार दुर्गेश पाठक जी मधुबाला पाठक जी जगदीश ओमप्रकाश जी सोनी ओम ज्वैलर्स आस्था भागवत आचार्य जितेंद्र वैष्णव जी,,मोना ठाकुर ओम प्रकाश मिश्रा जी भोपाल , जगदीश पाटीदार बृजमोहन सोनी, पिंकी शर्मा शिव श्रीवादी, दीपेश गौतम, शीला शर्मा, राधा शर्मा,आनंद नेहा शर्मा, रमा प्रतिभा शर्मा, चंद्रेश माधवी शर्मा, मधुराज आदि भक्तगण उपस्थिति रहे एवं भागवत का श्रवण किया गया। पंडित गजेंद्र शास्त्री धर्माधिकारी ने सभी नगर वासीयो से कथा में पधार कर धर्म लाभ उठाने की अपील की है ।

# धर्मसभा में विजय महाराज और मुनि शवीरतेंद्र विजय महाराज ने श्रद्धालुओं को धर्म, वैराग्य व आत्मकल्याण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के आष्टा तीर्थ स्थित श्री नेमिनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर (किला) में चातुर्मास के पावन अवसर पर आयोजित धर्मसभा में पन्यास प्रवर श्री यशोजित विजय महाराज एवं मुनि श्री वीरतेन्द्र विजय महाराज ने श्रद्धालुओं को धर्म, वैराग्य एवं आत्मकल्याण का संदेश प्रदान किया। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रवचनों का लाभ लेकर धर्मरस का पान किया। पन्यास प्रवर श्री यशोजित विजय महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि आज संसार का प्रत्येक व्यक्ति सुख की तलाश में भटक रहा है। धन, वैभव, पद और भौतिक साधनों के माध्यम से लोग सुख प्राप्त करना चाहते हैं, लेकिन वास्तविक सुख इन वस्तुओं में नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि कोई पूछे कि जैन साधु और जैन दर्शन (फिलॉसफी) क्या सिखाते हैं, तो उसका सरल उत्तर है—जैन धर्म वास्तविक सुख का मार्ग सिखाता है।

मुनिश्री के आशीष वचन की जानकारी देते हुए किला मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र रांका ने बताया कि पन्यास प्रवर यशोजित विजय महाराज ने अपने आशीष वचन में कहा कि संसार के किसी भी बाजार में सुख खरीदा नहीं जा सकता, लेकिन जैन धर्म मनुष्य को यह अवश्य सिखाता है कि सच्चा सुख आत्मा की शांति, संयम, त्याग और धर्म आराधना में निहित है। जब मनुष्य अपनी इच्छाओं पर नियंत्रण करता है और आत्मकल्याण की दिशा में आगे बढ़ता है, तभी उसे वास्तविक आनंद की अनुभूति होती है।



इसके पश्चात मुनि श्री वीरतेन्द्र विजय महाराज ने अपने प्रवचन में 'सम्यक ग्रंथशाला' का एक प्रेरणादायक प्रसंग सुनाते हुए कहा कि इस ग्रंथ में वर्णित है कि महासेन नामक राजा तत्वज्ञान और धर्मरस में इतने अधिक तल्लीन हो गए थे कि उन्हें हाथी की शाही सवारी, राजवैभव और सांसारिक सुखों की अपेक्षा भगवान की पूजा, भक्ति और प्रवचन श्रवण में अधिक आनंद आने लगा था।उन्होंने बताया कि राजा महासेन की धर्मपत्नी रानी कनकवती भी अत्यंत धार्मिक, सदाचारी और धर्मकार्यों में सहयोग करने वाली थीं। एक दिन राजा अपनी राजसभा में बैठे हुए थे।


उसी समय सैनिक घबराए हुए पहुंचे और उन्होंने सूचना दी कि एक अत्यंत बलशाली व्यक्ति रानी कनकवती के महल में घुस गया है। सैनिकों ने उसे रोकने का भरसक प्रयास किया, लेकिन वह किसी के वश में नहीं आया और रानी को उठाकर अपने साथ ले जाने लगा। यह समाचार सुनकर राजा महासेन तत्काल वहां पहुंचे और उस व्यक्ति को ललकारते हुए कहा कि तुम किसी दूसरे की पत्नी को बलपूर्वक क्यों ले जा रहे हो।तभी उस रहस्यमयी व्यक्ति ने वहां उपस्थित सभी सैनिकों को अदृश्य कर दिया और देखते ही देखते केवल राजा ही वहां रह गया। वह रानी कनकवती को आगे ले गया और कुछ दूरी पर पहुंचते ही स्वयं तथा रानी दोनों ही दृष्टि से ओझल हो गए।इस अद्भुत घटना से राजा महासेन आश्चर्यचकित रह गए। उन्होंने विचार किया कि यह कोई साधारण मनुष्य नहीं हो सकता। राजा ने पुकारकर पूछा कि आप कौन हैं? क्या आप देवता हैं, गंधर्व हैं अथवा कोई दिव्य शक्ति? राजा के मन में यह भी विचार आया कि यदि मैं अपनी ही पत्नी की रक्षा नहीं कर सका, तो मेरे राजा होने का क्या अर्थ है? तभी वह दिव्य पुरुष प्रकट हुआ और उसने अपना परिचय विद्याधर के रूप में देते हुए कहा कि यह संपूर्ण घटना वास्तविक नहीं थी, बल्कि केवल एक इंद्रजाल था। इसका उद्देश्य राजा को संसार की नश्वरता का बोध कराकर उनके भीतर वैराग्य की भावना जागृत करना था। विद्याधर ने राजा महासेन को समझाया कि संसार का कोई भी संबंध, वैभव, शक्ति अथवा अधिकार स्थायी नहीं है।

सभी वस्तुएं क्षणभंगुर हैं। इसलिए मनुष्य को मोह-माया से ऊपर उठकर आत्मकल्याण और धर्ममार्ग की ओर अग्रसर होना चाहिए।मुनि श्री वीरतेन्द्र विजय महाराज ने कहा कि इस प्रेरणादायक प्रसंग से हमें शिक्षा मिलती है कि सांसारिक मोह,वैभव और रिश्तों में अत्यधिक आसक्ति अंततः दुःख का कारण बनती है, जबकि धर्म, संयम, वैराग्य और आत्मचिंतन ही जीवन को सार्थक बनाते हैं। जब मनुष्य तत्वज्ञान को समझकर आत्मा की ओर उन्मुख होता है, तभी उसका वास्तविक उद्धार संभव होता है। प्रवचन के अंत में उपस्थित श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ प्राप्त कर संयम, साधना एवं आत्मकल्याण के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। श्री मालव गिरनार तीर्थ, आष्टा में परम पूज्य गुरुदेव पन्यास प्रवर श्री यशोजित विजयजी महाराज साहब की पावन निश्रा में आयोजित आत्मकल्याणकारी चातुर्मास के अंतर्गत 45 आगम तप आराधना का द्वितीय दिवस सोमवार, 20 जुलाई को श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। द्वितीय दिवस पर श्री अनुयोगद्वार सूत्र की आराधना संपन्न हुई। श्रद्धालु 20 माला (श्री अनुयोगद्वार सूत्राय नमः), 62 खमासणा, 62 साधिया (62 फल-मैवेध) तथा 62 लोगस (248 नवकार) का जाप एवं आराधना की। इस अवसर पर आगम ग्रंथ का चैत्यवंदन सामूहिक रूप से प्रातः 10 बजे आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में धर्मावलंबियों ने भाग लेकर आगम भक्ति एवं आत्मकल्याण की साधना की।आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से विशेष अनुरोध किया है कि वे एकासना के लिए अपनी थाली, कटोरी एवं पानी साथ लेकर आएं, जिससे आयोजन सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

द्वितीय दिवस के एकासना के लाभार्थी श्री रूपचंदजी बसंतीलालजी श्रीश्रीमाल परिवार रहें। चातुर्मास के अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न आगमों की आराधना, स्वाध्याय, प्रवचन एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उत्साहपूर्वक सहभागिता कर आत्मकल्याण के पथ पर अग्रसर हो रहे हैं।

# प्रशिक्षण पूरा कर गांव लौटा सेना का जवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



भारतीय सेना में प्रशिक्षण पुरा करने पर हर्षवर्धन सेन पिता मनोज सेन कजलास पधारे अपने गांव जगह जगह स्वागत किया गया।

भारतीय सेना में 6 माह का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण कर प्रथम बार ग्राम कजलास आगमन पर जावर जोड़ से ग्राम कजलास तक जगह जगह पुष्प वर्षा एवं पुष्प माला पहनाकर भव्य स्वागत सम्मान किया वही इस दौरान जावर नगर के धार्मिक सामाजिक एवं सेन समाज के युवाओ के द्वारा नगर में किया भव्य स्वागत।

# विधायक इंजीनियर ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सोमवार 20 जुलाई से शुरू हो रहे मप्र विधानसभा के वर्षा कालीन सत्र में शामिल होने भोपाल पहुचे आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने रविवार को मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराजसिंह चौहान से निवास मामा का घर पहुच कर शिवराजसिंह चौहान से सौजन्य भेंट की। इस दौरान क्षेत्र के नागरिको की ओर से गुलदस्ता भेंट कर कृषि मंत्री का स्वागत सम्मान किया। सौजन्य भेंट के दौरान विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यो को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई।।

### गच्छाधिपति के मंगल चातुर्मास प्रवेश पर उमड़ा आस्था का सैलाब

# जावर के जैन गुरु भक्तों ने लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

महिदपुर रोड इंदौर की धन्य धरा पर पुण्य सम्राट के आज्ञानुवर्तिनीय गच्छाधिपति श्रीमद् विजय नित्य सेन सुरिश्वर जी महाराज साहब संग साधु एवं साध्वी जी भगवंत के चातुर्मास होने से श्री संघ में अभूतपूर्व उत्साह देखा गया प्रवेश स्थल से हजारों गुरु भक्तों की उपस्थिति के साथ गगन भेदी जयकारों के साथ श्रद्धा और समर्पण नृत्य के साथ पुण्य सम्राट परिवार के साधु. साध्वी भगवत प्रवेश का विशाल चल समारोह इंदौर नगर के प्रमुख मार्गो से निकला जहां सैकड़ों जगह जगह अक्षत गहूली करआशीर्वाद लिया।

#### चल समारोह को आकर्षक बनाया

चातुर्मास प्रवेश को लेकर एक माह से तैयारी इंदौर श्री संघ ने कर दी थी इसी का सार्थक परिणाम देखने को मिला चल समारोह में महिला मंडल पुरुष महानुभाव बच्चे बड़े और वृद्ध जन जन में आस्था एवं भावना का ज्वार देखा गया महिला मंडल अपनी ड्रेस कोड में अपने गुरु का गुणगान कर रही थी वहीं युवा वर्ग गुरुजी हमने आपो आशीर्वाद गुरुजी हमारे आए हैं नई रोशनी लाए हैं जय जयकार जय जयकार पूर्ण सम्राट की जय जयकार के जयकारों से आकाश गूंजयमान कर रहे थे वहीं बैंड और ढोल के थाप पर श्रद्धालु भावविभोर होकर नृत्य कर रहे थे ऐसा लग रहा था मानो आज नगर को सारी खुशियां मिल गई हो सारा नगर आध्यात्मिकता की शरण में भावना पूर्ण रूप से रम गया था।



#### पांच किलोमीटर चल समारोह निकला

चातुर्मास प्रवेश स्थल से चातुर्मास आराधना स्थल तक पांच किलोमीटर तक लंबा प्रवेश चल समारोह जब निकला तो सारा नगर पलक पांवड़े बिछाकर गुरुदेव का वंदन करते हुए धार्मिक भावना से ओतप्रोत दिखाई दे रहे थे। त्रिस्तुतिक श्री संघ के राष्ट्रीय परामर्शदाता मध्य प्रदेश शासन के केबिनेट मंत्री चेतन कश्यप पूर्व मंत्री पारस जैन, प्रांतीय श्रीसंघ अध्यक्ष सुरेश तांतेड ,परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश छाजेड़, महामंत्री सुधीर लोढ़ा,प्रांतीय अध्यक्ष मोहित तांतेड़ ,महामंत्री संजय कोठारी,राष्ट्रीय महिला परिषद अध्यक्ष प्रेमाबेन मुथा, महामंत्री संगीता पोरवाल, प्रांतीय अध्यक्ष सारिका कोलन, महामंत्री तरुण, परिषद अध्यक्ष आदित्य धोका, भरतपुर तीर्थ अध्यक्ष बाबूलाल संघवी,रमेश धरू,कांतिलाल, नानू भाई,राजेंद्र दगवाड़ा,रमेश धारीवाल ,अशोक श्री माल सहित राष्ट्रीय प्रांतीय पदाधिकारी क्रांति मीडिया प्रभारी राजकुमार नाहर सहित राजनीतिक क्षेत्र के प्रमुख महानुभाव उपस्थित थे राष्ट्रीय एवं प्रांतीय महिला परिषद की पदाधिकारी उपस्थित थी परिषद तथा अनेक संस्थाओं के हजारों हजारों गुरु भक्त उपस्थित रहकर इस प्रवेश जुलूस के साक्षी बने। अतिथियों ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इंदौर श्री संघ का यह अभूतपूर्व प्रवेश चार माह के चातुर्मास समय में धर्म साधना आराधना जप तप मै अधिक से अधिक समय देकर अपनी आत्मा की उन्नति के लिए प्रयास करना हे। धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनी विद्ववरत्न विजय महाराज साहब ने कहा कि चार माह के चातुर्मास में जप तप साधना आराधना के साथ-साथ धार्मिक आयोजन संपन्न होंगे पूरे समर्पण श्रद्धा भक्ति के साथ आपको अपनी आत्मा की उन्नति के लिए कल्याण के लिए समय निकालकर समर्पण देना है आपने धौलपुर से भरतपुर तीर्थ तक छरीपालीत संघ की घोषणा की साथ ही आपने कहा कि तप तपस्या भी होगी गच्छाधिपति ने संबोधित करते हुए कहा कि पुण्य सम्राट का आशीर्वाद हम सब पर बरस रहा है जितने भी कार्य हो रहे हैं पूर्ण सम्राट के आशीर्वाद से हो रहे हैं। श्री संघ के पदाधिकारी एवं साथियों द्वारा लाभार्थी परिवारों एवं अतिथियों का शाल श्रीफल माला से बहुमान किया तथा अनुमोदना की।

कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात प्रवचन हाल में परिषद परिवार की बैठक प्रक्षवजी छाजेड़ की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें मध्य प्रदेश श्री संघ में हो रहे चातुर्मास के अंतर्गत सामूहिक संयम वंदन यात्रा निकालना पर्यावरण के महत्व को समझते हुए वृक्षारोपण सहित अनेक विषयों पर चिंतन मनन किया गया। प्रवेश चल समारोह में भारत भर के अलग-अलग राज्यों से हजारों गुरु भक्त दर्शन वंदन करने आए एवं प्रवेश चल समारोह के साक्षी बने वही सरहद पार विदेश से भी गुरु भक्त पधारे थे जापान से पुण्य सम्राट की अनन्य भक्त तुलसी बहन एवं उनके साथी भी पधारे और गुरुदेव को सविधि वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# लसुडलिया विजय सिंह के निखिल ठाकुर ने भारतीय सेना अग्नि वीर में चयनित



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

ग्राम लसुडलिया विजय सिंह के निखिल जितेंद्र सिंह ठाकुर ने भारतीय सेना अग्नि वीर में चयनित होकर अपने माता-पिता का सपना पूरा किया वह गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया रविवार को अपने ग्रह ग्राम लहसुडिया विजय सिंह आगमन पर समस्त ग्राम वासियों द्वारा भारतीय सेना के जवान निखिल जितेंद्र सिंह ठाकुर का तिलक लगाकर हार फूल माला पहनाकर साफा बांधकर स्वागत वंदन किया गया। वही सरपंच प्रतिनिधि राजेश सोलंकी द्वारा अशोक स्तंभ स्मृति चिन्ह भेटकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाइयां प्रेषित की गई। वही आसपास ग्रामीण क्षेत्र से पधारे हुए सभी मेहमानो का अपना अमूल्य समय निकालकर कार्यक्रम में पधारने के लिए आभार व्यक्त किया। स्वागत सम्मान के अवसर पर कमल सिंह, धीरज सिंह पटेल, मनोहर सिंह, विक्रम सिंह, सचिव भूपेंद्र सिंह, भारत सिंह, जय सिंह, जसवंत सिंह नेताजी, रविंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह धनगर, रविंद्र नेताजी और समस्त ग्राम वासियों सहित सरपंच अकिला राजेश सोलंकी उपस्थित रहे।